# CBSE Class 12 Psychology Question Paper 2018

SET-4

Series SGN

कोड नं.
Code No. **63**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **28** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **28** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)

# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।

(iii) आपके उत्तर संक्षिप्त तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए ।

(iv) भाग क में प्रश्न संख्या **1 – 10** अध्ययन परख (बहुत छोटे उत्तर) प्रकार वाले प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है । इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।

(v) भाग ख में प्रश्न संख्या **11 – 16** अति लघु उत्तर प्रकार वाले प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से ज़्यादा नहीं होना चाहिए ।

(vi) भाग ग में प्रश्न संख्या **17 – 20** लघु उत्तर प्रकार-I वाले प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से ज़्यादा नहीं होना चाहिए ।

(vii) भाग घ में प्रश्न संख्या **21 – 26** लघु उत्तर प्रकार-II वाले प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से ज़्यादा नहीं होना चाहिए ।

(viii) भाग ङ में प्रश्न संख्या **27** और **28** लम्बे उत्तर वाले प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से ज़्यादा नहीं होना चाहिए ।

**General Instructions :**

(i) **All** questions are **compulsory**.

(ii) Marks for each question are indicated against it.

(iii) Answers should be brief and to the point.

(iv) Questions no. **1 – 10** in Part A has Learning Checks (very short answer type) questions carrying **1** mark each. You are required to answer them as directed.

(v) Questions no. **11 – 16** in Part B are Very Short Answer type questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.

(vi) Questions no. **17 – 20** in Part C are Short Answer Type-I questions carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.

(vii) Questions no. **21 – 26** in Part D are Short Answer Type-II questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **100** words.

(viii) Questions no. **27** and **28** in Part E are Long Answer Type questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words.

## भाग क

## PART A

**1.** सांवेगिक क्षमता से तात्पर्य है *1*

(क) संवेगों का आत्म-परिवीक्षण (सेल्फ-मॉनिटरिंग)

(ख) व्यवहार से निपटने की आत्म-क्षमता

(ग) व्यवहार का भेदभाव

(घ) व्यवहार में दृढ़ता

Emotional competence refers to

(a) Self-monitoring of emotions

(b) Self-competence to handle behaviour

(c) Discrimination of behaviour

(d) Persistence in behaviour

**2.** ___________ वास्तविकता का विरूपण करके दुश्चिंता कम करने की एक विधि है । *1*

__________ is a way of reducing anxiety by distorting reality.

**3.** कुंठा मनोवैज्ञानिक दबाव के स्रोतों में से एक है । (सत्य/असत्य) *1*

Frustration is one of the sources of psychological stress. (True/False)

**4.** पहचाने जा सकने वाले किसी जैविक लक्षण के बिना अति तीव्र दर्द होना ___________ विकार का एक उदाहरण है । *1*

Extreme pain without any identifiable biological symptom is an example of __________ disorder.

**5.** आत्म को वास्तविकता से पृथक् करके स्वप्न-जैसी एक अवस्था को ___________ कहा जाता है । *1*

A dream-like state separating self from reality is known as __________.

**6.** विद्युत्-आक्षेपी चिकित्सा (ECT) जैव-आयुर्विज्ञान चिकित्सा का एक रूप है । (सत्य/असत्य) *1*

Electro-convulsive therapy (ECT) is a form of bio-medical therapy. (True/False)

7. विशेष सामाजिक स्थितियों में प्रदर्शित व्यवहार के लिए कारण प्रदान करने की प्रक्रिया को __________ कहा जाता है । *1*

The process of assigning causes to the behaviour shown in specific social situations is known as __________.

8. समूहों में अत्यधिक संसक्तता का परिणाम __________ होता है । *1*

Extreme cohesiveness in groups results in __________.

9. __________ परिप्रेक्ष्य जताता है कि भौतिक पर्यावरण मुख्यत: मानवों के अपने आराम के लिए होता है । *1*

__________ perspective suggests that physical environment exists mainly for use by human beings for their comfort.

10. अंतर्वैयक्तिक संप्रेषण में दो व्यक्तियों से बातचीत सम्मिलित है । (सत्य/असत्य) *1*

Interpersonal communication involves communicating with two persons. (True/False)

## भाग ख

## PART B

11. टाइप 'सी' व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं ? *2*

What do you understand by Type-C personality ?

12. दबाव के व्यवहारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए । *2*

Explain the behavioural effects of stress.

13. मादक द्रव्य निर्भरता क्या है ? *2*

What is substance dependence ?

14. वियोगज दुश्चिंता विकार को स्पष्ट कीजिए । *2*

Explain separation anxiety disorder (SAD).

15. निर्धनता के संदर्भ में भेदभाव को स्पष्ट कीजिए । *2*

Explain discrimination in the context of poverty.

16. पुनर्वाक्यविन्यास (पैराफ्रेज़िंग) क्या है ? *2*

What is paraphrasing ?

## भाग ग
## PART C

**17.** व्यक्तित्व को समझने के लिए अन्योन्यक्रियात्मक उपागम को समझाइए । *3*

Explain the interactional approach to understand personality.

**18.** सामाजिक सुकरीकरण क्या है ? *3*

What is social facilitation ?

**19.** आक्रमण के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए । *3*

State any three causes of aggression.

**20.** श्रवण में संस्कृति की भूमिका स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

अवाचिक (नॉन-वर्बल) संप्रेषण को समझाइए ।

Explain the role of culture in listening.

**OR**

Explain non-verbal communication.

## भाग घ
## PART D

**21.** सांवेगिक बुद्धि को स्पष्ट कीजिए । सांवेगिक रूप से बुद्धिमान व्यक्तियों की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *4*

Explain Emotional Intelligence. State any two characteristics of emotionally intelligent persons.

**22.** व्यक्तित्व मूल्यांकन में उपयोग किए जाने वाले आत्म-प्रतिवेदन (सेल्फ-रिपोर्ट) मापों की मूल विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the key features of self-report measures used in personality assessment.

23. सकारात्मक स्वास्थ्य के विकास को सुकर बनाने वाले चार कारकों को संक्षेप में समझाइए । *4*

Explain briefly four factors which facilitate development of positive health.

24. संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से मानसिक विकारों को स्पष्ट कीजिए । *4*

Explain mental disorders from a cognitive perspective.

25. अभिवृत्ति तथा व्यवहार के बीच संबंधों का उचित उदाहरणों की सहायता से वर्णन कीजिए । *4*

Describe the relationship between attitude and behaviour with the help of suitable examples.

26. व्यक्तित्व के मानवतावादी उपागम की प्रमुख प्रतिज्ञप्तियों की चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

व्यवहारात्मक विश्लेषण की किन्हीं दो प्रक्रियाओं का वर्णन कीजिए ।

Discuss the main propositions of the humanistic approach to personality.

**OR**

Describe any two procedures of behavioural analysis.

## भाग ङ

## PART E

27. समूह द्वंद्व के कारणों को स्पष्ट कीजिए । द्वंद्वों के समाधान की किन्हीं तीन युक्तियों की चर्चा कीजिए । *6*

**अथवा**

समूह ध्रुवीकरण को समझाइए । समूह ध्रुवीकरण उत्पन्न होने के कारण लिखिए ।

Explain the causes of group conflict. Discuss any three strategies for resolving conflicts.

**OR**

Explain group polarisation. Give reasons for occurrence of group polarisation.

**28.** मनश्चिकित्सा में चिकित्सात्मक संबंध का महत्त्व समझाइए । मनश्चिकित्सा में नैतिक मानकों का उल्लेख कीजिए । *6*

**अथवा**

किसी व्यक्ति को तिलचटा की दुर्भीति है । इस दुर्भीति को सामाजिक अधिगम (सोशल लर्निंग) परिप्रेक्ष्य तथा मनोविश्लेषक के दृष्टिकोण से सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

Explain the importance of therapeutic relationship in psychotherapy. State the ethical standards in psychotherapy.

**OR**

A person has a phobia of cockroaches. Explain this phobia from the social learning perspective and psychoanalyst viewpoint giving examples.